रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 361] नई दिल्ली, शनिवार, मई 27, 2000/ज्येष्ठ 6, 1922
No. 361] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 27, 2000/JYAISTHA 6, 1922

गृह मंत्रालय

(एन. ई. डिवीजन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 मई, 2000

का. आ. 522 (अ).—निम्नलिखित को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :—

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पीठासीन
न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री आर० एच० ज़ैदी
की अध्यक्षता में गठित
विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण

मणिपुर के मैतेयी उग्रवादी संगठनों, अर्थात्:--

(1) पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी0एल0ए0) और उसका राजनीतिक खण्ड दी रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट (आर0पी0एफ0);

(2) यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ मणिपुर (यू0एन0एल0एफ0);

(3) पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी0आर0ई0पी0ए0के0) और उसका सशस्त्र खण्ड दी 'रेड आर्मी';

(4) कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) और उसका सशस्त्र खण्ड जिसको भी 'रेड आर्मी' कहा जाता है;

(5) कांगली याओल कानबा लुप (के0वाई0के0एल0);

(6) मणिपुर पीपुल्स लिबरेशन फ्रन्ट (एम0पी0एल0एफ0), और उनके सभी कार्यात्मक खण्डों एवं अग्रणी संगठनों को विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत विधि विरुद्ध संगम घोषित करने के मामले में ।

आदेश

भारत के राजपत्र (असाधारण) में 13 नवम्बर, 1999 को प्रकाशित भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली की एक अधिसूचना के द्वारा केन्द्रीय सरकार ने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967

(67 का 37) (इसे इसमें इसके बाद संक्षेप में 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) तथा उस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियम, जिन्हें विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 1968 कहा गया है, (इसे इसमें इसके बाद संक्षेप में 'नियम' कहा गया है) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मणिपुर के उल्लिखित उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया था । उक्त अधिसूचना का पाठ निम्नानुसार है:-

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 नवम्बर, 1999

का0आ0 1089(अ). --- साधारणतया पी0एल0ए0 के रूप में ज्ञात पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और उसके राजनीतिक खण्ड दी रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट (आर0पी0एफ0), दी यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट (यू0एन0एल0एफ0), दी पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी0आर0ई0पी0ए0के0) और उसके सशस्त्र खण्ड "रेड आर्मी" कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) और इसके सशस्त्र विंग जिसको भी "रेड आर्मी" कहा जाता है, कांगली याओल कानबा लुप (के0वाई0के0एल0) तथा मणिपुर पीपुल्स लिब्रेशन फ्रन्ट (एम0पी0एल0एफ0) (जिसे इसमें इसके पश्चात् सामूहिक रूप से मैती उग्रवादी संगठन कहा गया है) ने:-

(i) मणिपुर राज्य को भारत से अलग कर स्वतंत्र मणिपुर के गठन का अपना उद्देश्य खुले तौर पर घोषित कर दिया है,

(ii) अपने उपर्युक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र साधन रखे हैं और उनका उपयोग करता है,

(iii) मणिपुर में सुरक्षा बलों, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और कानून का पालन करने वाले नागरिकों पर आक्रमण करते रहे हैं,

(iv) अपने संगठन के लिए धन संग्रहण हेतु असैनिक आबादी को अभित्रास, उद्यापन और टूटने की गतिविधियों में लिप्त है, और

(v) लोकमत को प्रभावित करने और अपने अलगाववादी उद्देश्य की अभिप्राप्ति के प्रयोजनार्थ शस्त्र और प्रशिक्षण की सहायता प्राप्त करने हेतु विदेशी स्त्रोतों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास करते रहे हैं ।

2. और केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि पूर्वोक्त कारणों से मैती उग्रवादी संगठन और उनके द्वारा बनाए गए अन्य निकाए जिनमें ऊपर नामित सशस्त्र समूह भी है, विधि विरुद्ध संगम हैं ।

3. अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैती उग्रवादी संगठनों अर्थात् दी पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी, जो सामान्यतः पी0एल0ए0 के नाम से जानी जाती है और उसके राजनीतिक खण्ड दी रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट (आर0पी0एफ0), दी यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट (यू0एन0एल0एफ0), पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी0आर0ई0पी0ए0के0) और इसका सशस्त्र विंग "रेड आर्मी" कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) और उसके सशस्त्र खण्ड जिसको भी "रेड आर्मी" कहा जाता है, कांगलीयाओल कानबा लुप (के0वाई0के0एल0) तथा मणिपुर पीपुल्स लिब्रेशन फ्रन्ट (एम0पी0एल0एफ0) को और उनसी संगम घोषित करती है ।

4. और:

(i) सुरक्षा बलों और असैनिक आबादी पर (सशस्त्र समूहों और मैती उग्रवादी संगठनों के सदस्यों) द्वारा आक्रमण और हिंसा के मामले बार-बार हुए हैं तथा हो रहे हैं,

(ii) मैती उग्रवादी संगठनों की संख्या में वृद्धि हुई है,

(iii) निरन्तर धन संग्रहण, उद्यापन और परिष्कृत हथियार अर्जित किए जा रहे हैं,

(iv) शरण लेने, प्रशिक्षण लेने तथा हथियार और गोलाबारूद छिपाकर प्राप्त करने के लिए कुछ पड़ौसी देशों में कैम्प बनाए हुए हैं ।

5. केन्द्रीय सरकार की राय है कि मैती उग्रवादी संगठन के पूर्वोक्त क्रियाकलाप, भारत की प्रभुता एवं अखण्डता के लिए हानिकर हैं और यदि उन पर तुरन्त रोक न लगाई जाए और उन्हें नियंत्रित न किया जाए तो उक्त मैती उग्रवादी संगठन पुनः समूहबद्ध होंगे, अपने को हथियारों से सुसज्जित करेंगे, अपने काडरों का विस्तार करेंगे, परिष्कृत हथियार प्राप्त करेंगे, बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों एवं सिविलियनों की हत्या करेंगे और भारत से मणिपुर को अलग करने के अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने क्रियाकलाप की गति तीव्र करेंगे ।

6. अतः, अब, उपर्युक्त पैरा 4 और पैरा 5 में निर्दिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि यह आवश्यक है कि मैती उग्रवादी संगठनों अर्थात् पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी, जो सामान्यत पी0एल0ए0 के नाम से जानी जाती है और इसके राजनैतिक खण्ड दी रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट (आर0पी0एफ0) दी यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट (यू0एन0एल0एफ0), पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रीपाक), तथा इसका सशस्त्र विंग "रेड आर्मी" कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) और उनके सशस्त्र खण्ड जिसे भी "रेड आर्मी" कहा जाता है, कांगली याओल कानबा लुप (के0वाई0के0एल0) तथा मणिपुर पीपुल्स लिब्रेशन फ्रन्ट (एम0पी0एल0एफ0) को तत्कालिक प्रभाव से विधि विरुद्ध संगम घोषित किया जाए और तदनुसार उक्त धारा 3 की उपधारा (3) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हए केन्द्रीय सरकार यह निदेश देती है कि यह अधिसूचना, उक्त अधिनियम की धारा 4 के अधीन किए जाने वाले किसी आदेश के अध्यधीन, राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होगी ।

(फा0सं0 8/16/99-एन0ई0-I)
ह0/- जी0के0 पिल्लै,
संयुक्त सचिव"

सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने के अलावा उपरोक्त अधिसूचना को विनियमों के नियम 4 के साथ पठित अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (4) के अनुसरण में निर्धारित समयावधि में प्रकाशित भी कराया गया था ।

तत्पश्चात् केन्द्रीय सरकार ने 8 दिसम्बर, 1999 को एक अधिसूचना जारी करके अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह न्याय-निर्णय करने के लिए एक अधिकरण का गठन 8 दिसम्बर किया था कि क्या मणिपुर के मैतेयी उग्रवादी संगठनों को, अधिनियम में प्रयुक्त शब्द के अर्थ में, विधि विरुद्ध संगम घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं अथवा नहीं । उक्त अधिसूचना का पाठ निम्नानुसार है:-

"गृह मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 8 दिसम्बर, 1999

का0आ0 1222(अ). -- विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार यह निर्धारित करने के लिए क्या मणिपुर के मैतयी उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं अथवा नहीं, एतद्द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री आर0एच0 जैदी की अध्यक्षता में एक "विधिविरुद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिकरण" का गठन करती है ।

(फा0 सं0 8/16/99-एन0ई0-I)
ह0/- जी0के0 पिल्लै,
संयुक्त सचिव"

इस अधिकरण के गठन के उपरान्त केन्द्र सरकार ने विनियमों के नियम 5 के अधीन यथा उपबंधित जानकारी उसको दे दी थी । आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होने पर दिनांक 15.1.2000 को यू0पी0 सदन, नई दिल्ली में इस अधिकरण की एक बैठक हुई थी जिसमें रिकार्ड देखने और उपस्थित व्यक्तियों को सुनने के बाद निम्नलिखित आदेश दिया गया था :--

"श्री जी0के0 पिल्लै, संयुक्त सचिव, पूर्वोत्तर प्रभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली को सुना और रिकार्ड का अवलोकन भी किया ।

रिकार्ड में दर्ज सामग्री से स्पष्ट है कि विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967, जिसे संक्षेप में 'अधिनियम' कहा गया है, की धारा 3 के तहत जारी की गई अधिसूचना को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) विनियम, 1968, जिसे संक्षेप में 'नियम' कहा गया है, के नियम 4 के साथ पठित अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (4) के उपबंधों के अनुसरण में प्रकाशित और वितरित किया गया था ।

निम्नलिखित को:-

(1) पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी0एल0ए0) और इसकी राजनीतिक विंग, दी रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आर0पी0एफ0);
(2) यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ मणिपुर (यू0एन0एल0एफ0);
(3) पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी0आर0ई0पी0ए0के0) और इसकी सशस्त्र विंग दी 'रेड आर्मी';
(4) कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) और इसकी सशस्त्र विंग दी 'रेड आर्मी';
(5) कांगली याओल कानबा लुप (के0वाई0के0एल0); और
(6) मणिपुर पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (एम0पी0एल0एफ0)।

नोटिस जारी करके (पंजीकृत डाक से) पूछा जाए कि वे उक्त नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर व्यक्तिगत तौर पर या अधिवक्ता के माध्यम से कारण बताएं कि क्यों न उन्हें विधि विरुद्ध घोषित कर दिया जाए। उपरोक्त संगठनों को नियम के नियम 6 के अधीन निर्धारित विधि से नोटिस जारी किए जाएंगे।

ऊपर विनिर्दिष्ट तरीके से नोटिस जारी किए जाने के बाद, भारत सरकार द्वारा तीन सप्ताह के भीतर सेवा का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाएगा और उसके साथ सेवा संबंधी दस्तावेजी साक्ष्य भी संलग्न किए जाएंगे।

मामले की अगली सुनवाई 12.3.2000 को सुबह 10.30बजे चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित यू0पी0 संदन के सम्मेलन कक्ष में होनी तय की गई।

दिनांक 15 जनवरी, 2000

ह0/-
(आर0एच0 जैदी)
15.1.2000

उसी दिन प्रश्नाधीन संगमों/संगठनों के बारे में उपरोक्त अधिसूचना का जारी किया जाना पर्याप्त माने जाने के साथ ही निम्नलिखित आदेश दिया गया था :-

"भारत सरकार की ओर से श्री अजय श्रीवास्तव, उप सचिव, भारत सरकार द्वारा दिए गए शपथ पत्र को रिकार्ड में ले लिया जाए।

श्री गोपाल के पिल्लै, संयुक्त सचिव, एन0ई0, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली की सुनवाई की गई तथा श्री अजय श्रीवास्तव, उप सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत किए गए रिकार्ड एवं

शपथ पत्र पर कार्रवाई की गई । इस शपथ-पत्र में यह बताया गया है कि 13.11.99 को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई अधिसूचना की सूचना 19.12.99 को एक स्थानीय समाचार पत्र 'थोडैंग' में प्रकाशित करके प्रश्नगत संगमों/ संगठनों को दी गई, आकाशवाणी के स्थानीय केन्द्र से रेडियो पर घोषणा की गई, तथा इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियमों के नियम 4 के साथ पठित अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (4) के उपबंधों के अनुसार इसे मणिपुर राज्य में सभी जिला मजिस्ट्रेटों के कार्यालयों के नोटिस बोर्डों पर चिपकाया गया । इस प्रकार प्रश्नगत संगठनों/संगमों को दी गई उक्त अधिसूचना की सूचना को पर्याप्त माना जाता है ।"

15.1.2000 को यह भी निर्देश दिया गया कि इन नोटिसों की सूचना दिए जाने के बाद तीन सप्ताह की अवधि के अंदर अर्थात् 11.2.2000 तक भारत संघ की ओर से सूचना के संबंध में शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जाए जिसके साथ सूचना के संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न किया जाए । तत्पश्चात् इस मामले पर 12.3.2000 को पूर्वाहन 10.30 बजे यू0पी0 सदन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में विचार किए जाने का निर्देश दिया गया । 11.2.2000 को उक्त आदेश के अनुपालन में भारत संघ की ओर से सूचना के संबंध में शपथ पत्र श्री अजय श्रीवास्तव, उप सचिव, भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे रिकार्ड में रखा गया। रिकार्ड में रखी गई सामग्री पर विचार करने के बाद 12.3.2000 को निम्नलिखित आदेश पारित किया गया:-

12.3.2000 **माननीय न्यायमूर्ति आर0एच0 जैदी**

नई दिल्ली

मामले की सुनवाई की गई । मणिपुर के मैतई उग्रवादी संगठन की ओर से कोई भी प्रस्तुत नहीं हुआ तथापि भारत संघ तथा मणिपुर राज्य की ओर से विद्वान वकील मौजूद हैं ।

15.1.2000 को मैतई उग्रवादी संगठनों को नोटिस जारी किए गए तथा विपक्षी पक्षकारों को कारण बताने को कहा गया कि उन्हें विधि विरुद्ध क्यों नहीं घोषित किया जाए । भारत संघ तथा राज्य के विद्वान वकील को भी नोटिसों की सूचना के संबंध में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना था । 11.2.2000 को सूचना के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया ।

श्री अजय श्रीवास्तव के शपथ पत्र का अवलोकन करने से यह स्पष्ट है कि इस अधिकरण द्वारा पारित किए गए आदेश के अनुपालन में विपक्षी पक्षकारों को नोटिस कानून के अनुसार दिए गए । अतः प्रश्नगत संगठन को नोटिस की सूचना को पर्याप्त माना जाता है ।

राज्य की ओर से मणिपुर राज्य के वकील श्री के0नोबिन सिंह द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र को रिकार्ड में रखा जाए । भारत संघ की ओर से प्रस्तुत किए गए श्री अजय श्रीवास्तव के शपथ पत्र को भी रिकार्ड में रखा जाए ।

भारत संघ के विद्वान वकील तथा श्री के0 नोबिन सिंह, अधिवक्ता दस्तावेजी साक्ष्य जिसके आधार पर विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 के तहत अधिसूचना जारी की गई थी, सहित शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगते हैं तथा इनको दो सप्ताह का समय प्रदान किया जाता है । अगली निर्धारित तारीख को ये दस्तावेजों के साथ दिनांक 13.11.99 के अधिसूचना के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत करेंगे ।

मणिपुर के मैतई उग्रवादी संगठन भी निर्धारित अगली तारीख को साक्ष्य (दस्तावेजी) प्रस्तुत करें ।

दो सप्ताह के बाद 27 मार्च, 2000 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में माननीय न्यायमूर्ति श्री आर0एच0 ज़ैदी के कक्ष में पूर्वाह्न 10.00 बजे सूची प्रस्तुत की गई ।

27.3.2000 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में निम्नलिखित आदेश पारित किया गया :-

"27 मार्च, 2000

माननीय न्यायमूर्ति आर0एच0 ज़ैदी

जब इस मामले पर कार्रवाई शुरू की गई तो भारत संघ तथा मणिपुर राज्य के विद्वान वकील अपनी-अपनी सरकारों की ओर से प्रस्तुत हुए । श्री एस0 दिनोकुमार सिंह, विशेष सचिव (गृह), मणिपुर सरकार, श्री एम0 करणजीत, पुलिस अधीक्षक, सी0आई0डी0 (एस0बी0) तथा श्री एच0 इबोमशाह मैतई, एस0आई0, सी0आई0डी0 (एस0बी0) भी व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत हुए । उचित नोटिस के बावजूद प्रतिवादी के रूप में मैतई उग्रवादी संगठन की ओर से कोई प्रतिवादी उपस्थित नहीं हुआ ।

मणिपुर सरकार में विशेष सचिव (गृह) एस0 दिनोकुमार सिंह का शपथ पत्र रिकार्ड में दर्ज किया जाता है ।

रिकार्ड की सामग्री से आगे की कार्यवाही के लिए प्रथम दृष्टतया मामला बनता है । शपथ पत्र के साथ संलग्न दस्तावेज जो कि रिकार्ड का एक भाग है, को, ऐसे व्यक्तियों/शिकायतों से प्रमाणित

कराना जरूरी है जिन्होंने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है और जिनके पास से दस्तावेज बरामद हुए हैं।

मामले को सूचीबद्ध किया जाए । सुनवाई के लिए 29 तथा 30 अप्रैल, 2000 को प्रातः 10.00 बजे राज्य अतिथि गृह, इम्फाल में प्रस्तुत किया जाए ।

सभी संबंधित व्यक्तियों को सुनवाई/साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित तिथि से कम से कम 15 दिन पहले विधि के अनुरूप उक्त तिथि का नोटिस जारी किया जाए । केन्द्रीय/राज्य सरकारें इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करें तथा उपरोक्त स्थान पर न्यायालय लगाने की व्यवस्था करें ।

न्यायालय को राज्य अतिथि गृह, इम्फाल में लगाने का निर्णय इसलिए किया गया था ताकि मणिपुर से स्थान की दूरी के आधार पर सुनवाई के अवसर की पर्याप्तता के संबंध में कोई तकनीकी आपत्ति न हो । निर्धारित तिथि अर्थात् 29 तथा 30 अप्रैल को हुई अदालती कार्रवाई में मुख्यतः केन्द्र तथा राज्य सरकार के अधिकारी तथा उनके विद्वान वकील उपस्थित हुए । उक्त कार्रवाई में केन्द्र सरकार के विद्वान वकील द्वारा किए गए आवेदन पर 18 गवाहों से पूछताछ की जाने की अनुमति दी गई । उल्लेखनीय है कि केन्द्र तथा राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्रों के रूप में साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने की भी अनुमति दी गई जिसे दर्ज कर लिया गया है । साक्ष्य के निष्कर्ष के बाद केन्द्र तथा राज्य सरकारों की ओर से पेश होने वाले वकील के तर्कों को सुना गया तथा निर्णय/आदेश सुरक्षित रख लिया गया । भारत संघ के विद्वान वकील को 7 मई, 2000 से पूर्व लिखित तर्क, यदि कोई हों, प्रस्तुत करने की अनुमति भी दी गई थी ।

केन्द्र सरकार के विद्वान वकील द्वारा यह कहा गया कि रिकार्ड में जो मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य मौजूद हैं जिन्हें अस्वीकार नहीं किया गया है और जिनका खंडन भी नहीं किया गया है क्योंकि अधिकरण द्वारा जारी नोटिस के उचित रूप से तामील किए जाने के बावजूद मैतई उग्रवादी संगठनों की ओर से अधिकरण के समक्ष कोई भी उपस्थित नहीं हुआ था, उनसे निर्णायक रूप से यह सिद्ध हो जाता है कि उल्लिखित मैतई उग्रवादी संगठन, इस अधिनियम के अंतर्गत प्रयुक्त शब्द के अर्थ के अंतर्गत विधि विरुद्ध संगम हैं । इसलिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिनांक 13 नवम्बर, 1999 की अधिसूचना की पुष्टि की जाए ।

मैंने केन्द्र सरकार के विद्वान वकील के अनुरोध पर विचार किया है और रिकार्ड में दर्ज समस्त सामग्री का पूरी तरह अवलोकन किया है ।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए कागजात के साथ एक सार भी प्रस्तुत किया गया था जिसमें उन तथ्यों और कारणों के बारे में बताया गया है जिनके आधार पर दिनांक 13 नवम्बर, 1999 की अधिसूचना को जारी करना न्यायोचित ठहराया गया । उक्त सार में यह उल्लेख है कि इससे पूर्व भी इसी प्रकार की अधिसूचना, केन्द्र सरकार द्वारा 26 अक्तूबर, 1979 को इस अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत जारी की गई थी जिसमें 4 मैतई उग्रवादी संगठनों अर्थात पी0एल0ए0, यू0एन0एल0एफ0, पी0आर0ई0पी0ए0के0

और के0सी0पी0 को विधि विरुद्ध संगम घोषित किया गया, जो मणिपुर को स्वतंत्र कराने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए, अधिकतर मणिपुर के घाटी वाले इलाकों में हत्याओं सहित हिंसा, लूटने, डराने आदि के विधि विरुद्ध कार्य कर रहे थे । इसके पश्चात् 26 अक्तूबर, 1995 को पुनः अधिसूचना जारी की गई जिसके द्वारा उक्त 4 उग्रवादी संगठनों के अतिरिक्त के0वाई0के0एल0 को भी विधि विरुद्ध संगम घोषित किया गया । सांविधिक अवधि समाप्त हो जाने पर दिनांक 26 अक्तूबर, 1995 की अधिसूचना स्वतः व्यपगत हो गई । चूंकि मणिपुर राज्य में जन-जीवन में कोई सुधार नहीं हुआ तथा हिंसा के विधि विरुद्ध कार्य और विधि विरुद्ध गतिविधियां तेजी से जारी रहीं इसलिए केन्द्र सरकार को इस अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत एक और अधिसूचना दिनांक 13 नवम्बर, 1997 को जारी करनी पड़ी, जिसकी वैधता की पुष्टि विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण द्वारा अपने दिनांक 6 मई, 1998 के निर्णय और आदेश में की गई । उक्त अधिसूचना के बावजूद उल्लेखनीय है कि उक्त संगठन ने गैर कानूनी तौर पर कर इकट्ठा करने, जबरन धन वसूली करने और फिरौती के लिए अपहरण करके बहुत अधिक धन संग्रह करने का कार्य जारी रखा । मैतई उग्रवादी संगठनों ने शस्त्रों की अधिप्राप्ति करना भी जारी रखा । इसके अतिरिक्त मैतई उग्रवादी संगठनों ने -

(i) मणिपुर राज्य को भारत से अलग कर स्वतंत्र मणिपुर के गठन का अपना उद्देश्य खुले तौर पर घोषित कर दिया है,

(ii) अपने उपर्युक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र साधन रखे हैं और उनका उपयोग करता है,

(iii) मणिपुर में सुरक्षा बलों, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और कानून का पालन करने वाले नागरिकों पर आक्रमण करते रहे हैं,

(iv) अपने संगठन के लिए धन संग्रहण हेतु असैनिक आबादी को अभित्रास, उद्यापन और लूटने की गतिविधियों में लिप्त है, और

(v) लोकमत को प्रभावित करने और अपने अलगाववादी उद्देश्य की अभिप्राप्ति के प्रयोजनार्थ शस्त्र और प्रशिक्षण की सहायता प्राप्त करने हेतु विदेशी स्त्रोतों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास करते रहे हैं ।

उपर्युक्त तथ्यों और परिस्थितियों के कारण, ऊपर बताए गए मैतई उग्रवादी संगठनों को इस अधिनियम के अंतर्गत विधि विरुद्ध संगम घोषित करने के लिए नई अधिसूचना के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। उक्त सार में, अधिसूचना के, उसके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी करने के कारण भी बताए गए थे । केन्द्र सरकार ने, प्रस्तावों और उनके कारणों पर विचार करने के बाद, प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया और दिनांक 13 नवम्बर, 1999 की विचाराधीन अधिसूचना जारी कर दी ।

यह अधिसूचना, जिसकी वैधता की इस अधिकरण द्वारा संपुष्टि की जानी है, अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत जारी की गई है, जो निम्नानुसार है:--

"3. किसी संगम के विधि विरुद्ध होने की घोषणा - (1) यदि केन्द्रीय सरकार की यह राय हो कि कोई संगम विधिविरुद्ध संगम है, या हो गया है तो वह ऐसे संगम को शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, विधिविरुद्ध घोषित कर सकेगी ।

"संगम" और "विधि विरुद्ध संगम" को अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (क) और (छ) के तहत निम्नानुसार परिभाषित किया गया है :--

"2. परिभाषाएं - इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, --

(क) "संगम" से व्यष्टियों की कोई संहति या निकाय अभिप्रेत है;

(छ) "विधिविरुद्ध संगम" से कोई ऐसा संगम अभिप्रेत है --

(i) जिसका उद्देश्य कोई विधिविरुद्ध क्रिया है या जो कोई विधिविरुद्ध क्रिया करने के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है या उसकी सहायता करता है अथवा जिसके सदस्य ऐसी क्रिया करते हैं; अथवा

(ii) जिसका उद्देश्य भारतीय दंड संहिता की धारा 153क या धारा 153ख के अधीन दण्डनीय कोई कार्य है या जो कोई ऐसा कार्य करने के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है या उनकी सहायता करता है अथवा जिसके सदस्य कोई ऐसा कार्य करते हैं:

परन्तु उपखण्ड (ii) की कोई बात जम्मू कश्मीर राज्य को लागू नहीं होगी ।

"विधि विरुद्ध क्रिया" को अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (च) के तहत निम्नानुसार परिभाषित किया गया है :

"2. परिभाषाएं - इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, --

(च) "विधिविरुद्ध क्रिया" से किसी व्यष्टि या संगम के संबंध में, ऐसे व्यष्टि या संगम द्वारा (चाहे कोई कार्य करके, या बोले गए या लिखे गए शब्दों द्वारा, या संकेतों द्वारा, या दृश्यरूपण द्वारा या अन्यथा) की गई कोई ऐसी कार्रवाई अभिप्रेत है, --

(i) जो किसी भी आधार पर, चाहे वह कुछ भी हो, भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भाग का अध्यर्पण या भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भाग का संघ से विलग हो जाना घटित करने के लिए आशयित है,

या उसके लिए किसी दावे का समर्थन करती है, या जो ऐसा अध्यर्पण या विलग हो जाना घटित करने के लिए किसी व्यष्टि या व्यष्टियों के समूह को उद्दीप्त करती है;

(ii) जिससे भारत की प्रभुत्ता और प्रादेशिक अखण्डता का अन्-अंगीकरण होता है या उन पर आक्षेप होता है या जो उन्हें विच्छिन्न करती है या विच्छिन्न करने के लिए आशयित है;

"भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भाग का अध्यर्पण" और "भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भाग का संघ से विलग हो जाना" अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (ख) और (घ) के तहत निम्नानुसार परिभाषित किए गए हैं:-

"2. परिभाषाएं - इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(ख) "भारत के राज्यक्षेत्र के किसी भाग का अध्यर्पण" के अंतर्गत ऐसे किसी भाग पर किसी विदेश के दावे का स्वीकार किया जाना आता है;

(घ) "भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भी भाग का संघ से विलग हो जाना" के अन्तर्गत यह अवधारित करने के किसी दावे का प्राख्यान आता है कि ऐसा भाग भारत के राज्यक्षेत्र का भाग रहे या न रहे ।

इस प्रकार अभिलेख की गई सामग्री की मुझे जांच करनी है और इस प्रश्न का उत्तर देना है कि क्या उक्त संगम, अधिनियम और इसके तहत तैयार किए गए नियमों में प्रयुक्त अर्थ के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगम हैं या नहीं ।

उक्त तथ्यों को सिद्ध करने और दिनांक 13 नवम्बर, 1999 को जारी अधिसूचना को न्यायोचित ठहराने के लिए निम्नलिखित गवाहों को शपथ दिलाकर पूछताछ की गई और उसके पश्चात शपथ पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज दर्ज किए गए । उक्त दस्तावेजों के अतिरिक्त हुए अन्य दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए हैं जिन्हें प्रदर्श 1 से 19 तक चिन्हित किया गया है ।

गवाहों की सूची

1. श्री कर्णजीत सिंह, सुपुत्र स्व0 एम0 देबा सिंह, एस0पी0, सी0आई0डी0 (विशेष शाखा, मणिपुर) ।
2. उप निरीक्षक, वाई0 मेलाबाबू सिंह सुपुत्र स्व0 वाई0 पम्पांकछाओ सिंह, निवासी खुराई चिंगंगबम लामसंग पुलिस थाने में अन्वेषण अधिकारी के रूप में तैनात ।
3. निरीक्षक मो0 हुस्नेजमान सुपुत्र स्व0 हाजी अब्दुल जबार, निवासी मोइजिंग ग्राम, वर्तमान में लमलाई पुलिस थाने में कार्य प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात ।

4. निरीक्षक एल0 ईश्वर लाल शर्मा, सुपुत्र एल0 हरि मोहन शर्मा, वर्तमान में बिशनपुर पुलिस थाने में कार्य प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात ।

5. श्री एन0 इबोहाल सिंह सुपुत्र स्व0 एन0 रोमोनी सिंह, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी, मोइरंग, बिशनपुर जिले के तहत ।

6. उप निरीक्षक एस0 मोनिन्द्रो सिंह पुत्र एस0 इबोछाओबा सिंह, वर्तमान में इम्फाल पश्चिमी जिले के तहत पटसोई पुलिस थाने में सूचना अधिकारी के रूप में तैनात ।

7. निरीक्षक एल0 वीरबाबू सिंह सुपुत्र एल0 याइमा टॉम्बी सिंह, वर्तमान में बिशनपुर जिले के मोइरंग पुलिस थाने के कार्य प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात ।

8. निरीक्षक टी0एच0 राम गोपाल सिंह सुपुत्र, टी0एच0 याइमा सिंह, वर्तमान में इम्फाल पश्चिमी जिले के तहत लामफैल पुलिस थाने के कार्य प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात ।

9. निरीक्षक आई0 दिजेन सिंह सुपुत्र स्व0 आई0 छाओबा सिंह, निवासी नरंकोनजिन, इम्फाल पश्चिमी जिला ।

10. उप निरीक्षक मो0 बानी अमीन सुपुत्र स्व0 मो0 सहरेबुद्दीन, वर्तमान में इम्फाल पूर्वी जिले के तहत हिनगंग पुलिस थाने के सूचना अधिकारी के रूप में तैनात ।

11. उप निरीक्षक एच0 रामेश्वर शर्मा सुपुत्र एच0 निमाई चंद शर्मा, वर्तमान में चंदेल जिले के चंदेल पुलिस थाने के कार्य प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात ।

12. उप निरीक्षक डब्ल्यू0 आनंद कुमार सिंह सुपुत्र स्व0 इबोछाऊबा सिंह, वर्तमान में इम्फाल पश्चिमी जिले के तहत इम्फाल पुलिस थाने में सूचना अधिकारी के रूप में तैनात ।

13. श्री एल0 इबोपिशाक सिंह, सुपुत्र एच0एल0 चन्द्र सिंह वर्तमान में इम्फाल पश्चिमी जिले के तहत, इम्फाल में उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात ।

14. टी0एच0 कृष्णा थोम्बी सिंह सुपुत्र टी0एच0 बीरबी सिंह, वर्तमान में इम्फाल पश्चिमी जिले की कमान्डो यूनिट में उप निरीक्षक के पद पर तैनात ।

15. यमनाम इबोथाम्बी सिंह सुपुत्र वाई0 याइमा सिंह, ग्राम क्वाकेइथेल हिनाऊखोंगनेम्बी पुलिस थाना सिंगजमेई, जिला पश्चिमी इम्फाल मणिपुर ।

16. इरेंगबम इबोयाइमा सिंह (53 वर्ष) सुपुत्र (एल0) आई0 गुनामानी सिंह, निवासी नामबोल फोईजिंग, नामबोल पुलिस थाना, जिला बिशनपुर, मणिपुर ।

17. श्री एस0 दीनो कुमार सिंह, विशेष सचिव, गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार, इम्फाल, तथा

18. श्री रामफल, उप सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय पूर्वोत्तर प्रभाग, नई दिल्ली ।

शपथ पत्र और उनके दस्तावेजों के साथ संलग्न

क. श्री एस0 दीनोकुमार सिंह, विशेष सचिव (गृह) मणिपुर का शपथ-पत्र ।

संलग्न दस्तावेज इस प्रकार है :-

अनुलग्नक-क:

दिनांक 13.11.97 से 18.2.2000 की अवधि के लिए छह मैतई उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध दर्ज एफ0आई0आर0 मामलों की सूची जिसके साथ छह मैतई उग्रवादी संगठनों से संबद्ध कुछ मामलों का सार, निम्नलिखित चार्ट के साथ दिया गया है :-

प्रत्येक संगठन के विरुद्ध दर्ज किए गए एफ0आई0आर0 मामलों की संख्या

13.11.1997 से 18.2.2000 तक की अवधि के दौरान

क्र0सं0	संगठन का नाम	1997	1998	1999	2000	जोड़
1	पी0एल0ए0/आर0पी0एफ0	39	218	225	18	500
2	यू0एन0एल0एफ0	12	116	146	8	282
3.	पी0आर0ई0पी0ए0के0	4	63	63	4	134
4.	के0वाई0के0एल0	7	35	63	2	107
5.	के0सी0पी0	11	72	64	9	156
6	एम0पी0एल0एफ0	X	X	1	X	1
	कुल जोड़	73	504	562	41	1180

अनुलग्नक - ख

नकदी की रसीदों, भारत के स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार करने वाली प्रैस विज्ञप्तियों, आर0पी0एफ0/पी0एल0ए0 द्वारा जारी नॉन इमीग्रैन्ट रेजिडेंशियल परमिट, यू0एन0एल0एफ0 की नियंत्रण समिति का वार्षिक विवरण तथा के0आर0सी0 द्वारा जारी मांग पत्र ।

अनुलग्नक - ग

छह मैतई उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों को दर्शाने वाली समाचार पत्रों की कतरनें ।

ख. श्री अजय श्रीवास्तव पुत्र श्री एन0 लाल0 निवासी ए-84, पंडारा रोड़, नई दिल्ली का शपथ पत्र ।

संलग्न दस्तावेज इस प्रकार हैं :-

क.	यूनाईटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ मणिपुर, पीपल्स लिबरेशन आर्मी, पीपल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक तथा कांगली याओल कनबा लुप के कार्यकलाप दर्शाने वाला विवरण ।	10-17
ख.	मैतई उग्रवादी संगठनों की 1999 के दौरान कुछ पूरक हिंसक गतिविधियों की सूची ।	18-24
ग.	1999 के दौरान मैतई उग्रवादी संगठनों से बरामद अवैध हथियार और गोला बारूद, विस्फोटक, आर0डी0एक्स0 इत्यादि संबंधी सूची ।	25-34
घ.	यू0एन0एल0एफ0 द्वारा जारी किया गया ब्यौरा जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ इसके उद्देश्यों का उल्लेख है ।	35-42
ङ	आर0पी0एफ0 द्वारा जारी किए गए ब्यौरे जिसमें इसकी प्रभुसत्ता संबंधी मांग का ब्यौरा दिया गया है ।	43-70
च.	के0सी0पी0 द्वारा जारी किया गया धन ऐंठने संबंधी नोटिस जिसमें इसके ध्येय और उद्देश्यों का ब्यौरा दिया गया है ।	71
छ.	पी0आर0ई0पी0ए0के0 द्वारा जारी धन ऐंठने संबंधी नोटिस जिसमें इसके ध्येय उद्देश्यों का ब्यौरा दिया गया है ।	72
ज.	के0वाई0के0एल0 द्वारा जारी धन ऐंठने संबंधी नोटिस जिसमें इसके ध्येय और उद्देश्यों का ब्यौरा दिया गया है ।	73-75
झ.	पी0आर0ई0पी0ए0के0 और यू0एन0एल0एफ0 समेत कुछ पूर्वोत्तर उग्रवादी संगठनों द्वारा जारी संयुक्त ब्यौरा जिसके साथ उसका अंग्रेजी रूपान्तर दिया गया है जिसमें देश से पृथकतावाद का समर्थन किया गया है ।	76-84
ञ.	मैतई उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध दायर कुछ मामलों के ब्यौरे जिसमें एफ0आई0आर0 की प्रतियां, जब्त की गई सामग्री की सूची इत्यादि शामिल है ।	85-448

ग. श्री एस0 दिनोकुमार सिंह, विशेष सचिव (गृह) मणिपुर सरकार, इम्फाल का शपथ पत्रः

निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न हैः

अनुलग्नक - घः

छः मैतई उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध दर्ज किए गए मामलों में चुनी हुई 36 एफ0आई0आर0 के संबंध में संबद्ध दस्तावेजों की प्रतियां ।

दर्ज किए गए और प्रदर्श के रूप में अंतिम किए गए अन्य दस्तावेजः

प्रदर्श सं0	दस्तावेजों के ब्यौरे
1.	वीरवार 3.2.2000 को "दी इम्फाल फ्री प्रेस" नामक समाचार पत्र में प्रकाशित ट्रिब्युनल के रजिस्ट्रार का दिनांक 17.1.2000 का नोटिस ।
2.	बुधवार दिनांक 2.2.2000 के "दी संगई एक्सप्रेस नामक समाचार पत्र में प्रकाशित ट्रिब्यूनल के रजिस्ट्रार का दिनांक 17.1.2000 का नोटिस ।
3.	3.2.2000 को नोटिस के प्रसारण के बारे में श्री एस0 मांगी सिंह, सहायक समाचार संपादक, ए0आई0आर0, इम्फाल का दिनांक 4.2.2000 का पत्र ।
4.	नोटिस के प्रकाशन के बारे में दिनांक 4.2.2000 का डब्ल्यू0टी0 संदेश ।
5.	नोटिस के प्रकाशन के बारे में दिनांक 4.2.2000 का डब्ल्यू0टी0 संदेश ।
6.	मणिपुर के राजपत्र, असाधारण में वीरवार दिनांक 3.2.2000 को प्रकाशित ट्रिब्यूनल के रजिस्ट्रार का दिनांक 17.1.2000 का नोटिस ।
7.	1.3.1999 का पी0आर0ई0पी0ए0के0, आर0पी0एफ0 तथा यू0एन0एल0एफ0 की संयुक्त उद्घोषणा ।
8.	रविवार 9.4.2000 के "यकैरोल" नामक समाचार पत्र में स्टेट गेस्ट हाउस, इम्फाल में ट्रिब्यूनल की बैठक के बारे में दिनांक 7.4.2000 के नोटिस का प्रकाशन ।
8क.	शनिवार 8.4.2000 के "दी इम्फाल फ्री प्रेस" नामक समाचार पत्र में स्टेट गेस्ट हाउस इम्फाल में ट्रिब्यूनल की बैठक के बारे में दिनांक 7.4.2000 के नोटिस का प्रकाशन ।
9.	भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121क, 25(1-ख) शस्त्र अधिनियम, 13यू0ए0(पी) अधिनियम के अंतर्गत पुलिस स्टेशन बिशनपुर की एफ0आई0आर0 सं0 99(12)97 ।
10.	निदेशक, केन्द्रीय प्लास्टिक संस्थान (टेकईलपेट) को संबोधित पी0आर0ई0पी0ए0के0, वित्त विभाग का मांग पत्र ।

11. भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121-क, 25(1-ख) शस्त्र अधिनियम और 13 यू0ए0(पी) अधिनियम के अंतर्गत पुलिस स्टेशन मोइरंग की एफ0आई0आर0 सं0 11(5)98 ।
12. श्री केशो सिंह, सब इंस्पेक्टर के हस्ताक्षर ।
13. भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ख/302/364/397/326, 25(1-ख) शस्त्र अधिनियम और 13 यू0ए0 (पी) अधिनियम के अंतर्गत पुलिस स्टेशन लाम्लई की एफ0आई0आर0सं0 11(5)98 ।
14. यह दर्शाने वाला एक दस्तावेज कि के0 बिनोय के0सी0पी0 द्वारा मारा गया था ।
15. भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121-क/307/302, 25(1-ख) शस्त्र अधिनियम और 13 यू0ए0(पी0) अधिनियम के अंतर्गत पुलिस स्टेशन चंदेल की एफ0आई0आर0 सं0 4(3)99 ।
16. श्री एस0 दिनोकुमार सिंह, विशेष सचिव (गृह) मणिपुर सरकार, इम्फाल का शपथ पत्र ।
17. श्री एस0 दिनोकर सिंह, विशेष सचिव (गृह), मणिपुर सरकार, इम्फाल का शपथ पत्र ।
18. श्री अजय श्रीवास्तव, पुत्र श्री एन0 लाल निवासी ए-84, पंडारा रोड़, नई दिल्ली का शपथ पत्र ।
19. श्री अजय श्रीवास्तव, पुत्र श्री एन0 लाल, निवासी ए-84, पंडारा रोड़, नई दिल्ली का शपथ पत्र ।

प्रदर्श सं0 1 से 8-क में दिए गए दस्तावेजों को सरकारी गवाह (पी0डब्ल्यू0) 1 श्री करनजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, सी0आई0डी0 (विशेष शाखा), इम्फाल द्वारा; प्रदर्श 9 में पी0डब्ल्यू0 4 एल0 ईश्वर लाल शर्मा, इंस्पेक्टर द्वारा; प्रदर्श 11 और 12 में पी0डब्ल्यू0 5 एम0 इबोहल सिंह, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी द्वारा प्रदर्श 13 और 14 में पी0डब्ल्यू0 9.I दिजेन्द्र सिंह , इंस्पेक्टर द्वारा, प्रदर्श 15 में पी0डब्ल्यू0 11 II.रामेश्वर शर्मा, सब इंस्पेक्टर द्वारा; प्रदर्श 16 और 17 में पी0डब्ल्यू0 17 श्री एस0 दिनो कुमार सिंह, विशेष सचिव (गृह), मणिपुर सरकार, इम्फाल और प्रदर्श 18 और 19 में पी0डब्ल्यू0 18 श्री रामफल, अवर सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय पूर्वोत्तर प्रभाग, नई दिल्ली द्वारा सिद्ध किया गया था ।

विचाराधीन संगठनों/संस्थाओं की ओर से कोई भी अधिकरण के समक्ष पेश नहीं हुआ और न ही उनकी ओर से कोई मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, इस प्रकार केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा पेश किए गए मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों का न तो कोई खंडन किया गया और न ही उन्हें कोई चुनौती नहीं दी गई । अतः मै इस आदेश में गवाहों के बयान उद्धृत करना आवश्यक नहीं समझता हूं ।

मैंने गवाहों के बयानों की पूरी जांच की है और यह पाया है कि पी0डब्ल्यू0 1,2,5,7,9,11,15 और 16 ने बताया है कि इन संगठनों/संस्थाओं ने मणिपुर को भारत से पृथक करके मणिपुर को स्वतंत्र बनाने के अपने उद्देश्य की खुले रूप से घोषणा की है, पी0डब्ल्यू0 1,2,4,5,6,7,8,9,10,11,13,15 और 16 ने आगे बताया है कि ये संगठन/संस्थाएं अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र साधनों को तैनात करने में लगी हुई है, पी0डब्ल्यू0 1,2,3,5,7,8,9,11,12,15 और 16 ने आगे यह भी बताया है कि ये संगठन/संस्थाएं, मणिपुर के सुरक्षा बलों, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और कानून का पालन करने वाले नागरिकों पर आक्रमण कर रही हैं । पी0डब्ल्यू0 1,2,7,9,10,12,13,14,15,16,17 और 18 ने भी बताया है कि ये संगठन/संस्थाएं अपने संगठनों के लिए धन एकत्र करने हेतु नागरिकों को डराने धमकाने, धन ऐंठने और लूटपाट करने में लगी हुई हैं और पी0डब्ल्यू0 15 ने आगे बताया है कि ये संगठन/संस्थाएं अपने विघटनकारी उद्देश्यों को प्राप्त करने के

प्रयोजन हेतु शस्त्र और प्रशिक्षण के जरिए उनकी सहायता प्राप्त करने और जनमत प्रभावित करने के लिए विदेश स्थित संसाधनों से संपर्क स्थापित करने के प्रयास कर रही है ।

पी0डब्ल्यू0 15 और पी0डब्ल्यू0 16 को छोड़कर उपर्युक्त सभी गवाह सरकारी अधिकारी हैं । पी0डब्ल्यू0 15 और पी0डब्ल्यू0 16 गैर सरकारी गवाह हैं जिन्होंने विचाराधीन उग्रवादी संगठनों/संस्थाओं के विरुद्ध मामले में पूर्ण रूप से समर्थन दिया है । इन संस्थाओं द्वारा प्रतिशोध किए जाने के भय से गैर सरकारी गवाह उनके विरुद्ध पेश होने के इच्छुक नहीं हैं । तथापि, उपरोक्त दोनों गवाह इन संगठनों/संस्थाओं के विरुद्ध इस मामले के समर्थन में अधिकरण के समक्ष पेश होने की हिम्मत जुटा सके । इन गवाहों द्वारा व्यक्ति रूप से ट्रिब्यूनल के समक्ष पेश होने की दिखाई गई हिम्मत प्रशंसनीय थी ।

प्रदर्श 1 से 19 तक विशेष रूप से प्रदर्श 7 जो मणिपुर पीपल्स लिबरेशन फ्रंट (एम0पी0एल0एफ0) की दिनांक 1 मार्च, 1999 संयुक्त उद्घोषणा है, में उल्लिखित दस्तावेजी साक्ष्य से यह स्पष्ट होता है कि विचाराधीन संगठन इस अधिनियम के अंतर्गत प्रयुक्त शब्दों के अंतर्गत विधि विरुद्ध संगम हैं । दिनांक 1 मार्च, 1999 की संयुक्त उद्घोषणा निम्न प्रकार है :-

पीपल्स रेवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक
रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट
यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट

संयुक्त उद्घोषणा
01 मार्च, 1999

पिछले कुछ वर्षों में संयुक्त वार्षिक अभियानों में दर्शाई गई एकता हेतु प्रयास के अनुसरण में, तीनों दलों के प्रतिनिधियों की 20 फरवरी से 1 मार्च, 1999 तक कई उच्च स्तरीय बैठकें हुई । इस बैठक में मणिपुर तथा इस क्षेत्र के राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के भूत, वर्तमान और भविष्य परिदृश्यों पर पुनर्विचार किया गया । अधिकांश समस्याएं, जिनको पहले तीनों दल नहीं समझ सके थे, पर खुले रूप से विचार-विमर्श किया गया और उन्हें एक साथ समझा गया । विशेष रूप से तीनों दलों ने क्रांतिकारी दलों के बीच एकता की कमी और लोगों के बीच संभ्रान्ति के कारण स्वतंत्रता संग्राम की धीमी गति के बारे में विचार-विमर्श किया । इस प्रकार, दस दिवसीय लंबे विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप, तीनों भ्रातृ दलों ने एकता के अंतिम उद्देश्य को प्राप्त किया है। तीनों दलों के अधोहस्ताक्षरित प्रतिनिधि के रूप में हमें यह उद्घोषणा करने का विशेषाधिकार है जिसमें तीनों दलों के बीच हुए करार के आधारभूत मुद्दों को उजागर किया गया है ।

1. तीनों दल मुख्य रूप से एक नई एकीकृत सत्ता में एक साथ विलय होने के लिए सहमत है । एक दल के रूप में एकीकरण धीरे-धीरे करके किया जाएगा ।
2. एकीकरण के लिए प्रथम उपाय के रूप में, एक स्थायी निकाय बनाया गया है जिसमें संबंधित दलों के प्रमुख घटकों में से दो-दो प्रतिनिधि होंगे जो तीनों दलों की एक समान नीतियां तथा कार्यक्रम तैयार

करेंगे। स्थायी निकाय का नाम 'मणिपुर पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट' रखा गया है जिसका संक्षिप्त है - एम0पी0एल0एफ0 ।

3. एम0पी0एल0एफ0 के निर्णयों के निष्पादन हेतु एक कार्यकारी समिति बनाई गई है ।

4. अब से, तीनों दलों के वित्तीय मामलों से संबंधित सभी कार्य समेकित रूप से किए जायेंगे । समेकित वित्तीय नीतियां तथा कार्यक्रम तैयार करने के लिए एक वित्तीय कार्य समिति बनाई गई है ।

इन नीतियों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन एक वित्तीय उप समिति द्वारा किया जाएगा । संक्षेप में, अब से तीनों दल अलग-अलग निधियां नहीं जुटायेंगे । अब हम अपनी निधियां मिलकर जुटायेंगे और इसे स्वतंत्रता संघर्ष के लिए मिलकर प्रयोग में लायेंगे ।

अतः हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे तीनों दलों ने अब साथ मिलकर मणिपुर के क्रांतिकारी संगठनों के बीच एकता देखने की हमारे लोगों की चिरकालिक इच्छा को पूरा कर दिया है । वास्तव में हमारे लोगों की एकता की यह भावना ही है जिसने हमारे क्रांतिकारी दलों में प्रेरणा और दृढ़ विश्वास पैदा किया है ।

एकता बनाए रखने के साथ-साथ हम निधियां जुटाने के तरीके के रूप में अपने ही लोगों से फिरौती लिए जाने की समस्या को दूर करने की कोशिश करेंगे जिससे कि हमारे मुक्ति संघर्ष की छवि धूमिल न हो । हम अन्य संगठनों से भी अनुरोध करते हैं कि वे अब से निधियां जुटाने के इस तरीके का प्रयोग न करें । दूसरी ओर, हम दृढ़ता से महसूस करते हैं कि अब समय आ गया है कि हमारे लोग ऐसे गलत तरीकों को सुधारने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति से काम लें ।

प्रिय साथियो । अब हमें पूर्ण विश्वास है कि एकता होने के बाद हमारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता संघर्ष एकीकृत नेतृत्व में महत्वपूर्ण प्रगति करेगा । हमारे तीनों दलों ने दलबंदी और अपने भाईयों की हत्या की गलत विचारधारा को दूर करने का दृढ़ संकल्प किया है । यह एक निश्चय है और एक शपथ भी है जिसका हमारे तीनों दल एक साथ अंत तक पालन करेंगे ।

अतः हम मणिपुर के सभी लोगों से नई एकता के लिए अपना मूल्यवान समर्थन और शुभकामनाएं देने की अपील करते हैं ताकि हमारा राष्ट्रीय स्वाधीनता संघर्ष हमारे लोगों की शक्ति से आगे बढ़ता रहे ।

"एकता में बल है, एकता में उत्साह है ।"
"एम0पी0एल0एफ0 की विजय ।"
"हमारे लोगों की विजय ।"

पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक	रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट	यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट
ह0/- अस्पष्ट	ह0/- अस्पष्ट	ह0/- अस्पष्ट
अचौबा	इरेंगबाम चाओरेन	साना चाइमा
अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष

01 मार्च, 1999 को हस्ताक्षरित"

सरकारी गवाह-I से सरकारी गवाह 18 द्वारा शपथ पत्र पर दिए गए बयानों और शपथ पत्रों के साथ प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों से जिनका ऊपर उल्लेख किया गया है, पूरी तरह से यह सिद्ध होता है कि ऊपर बताए गए आतंकवादी संगठन विधि विरुद्ध संगम है क्योंकि उन्होंने खुले रूप से मणिपुर को भारत से अलग करके स्वतंत्र मणिपुर बनाने के अपने लक्ष्य की घोषणा की है । अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सशस्त्र तरीके अपना रहे हैं और उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं, सुरक्षा बलों, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों तथा मणिपुर के कानून का पालन करने वाले नागरिकों पर हमला कर रहे हैं । सिविल जनता से लूट-खसोट करके उन्हें डराकर अपने संगठनों के लिए निधियां इकट्ठी कर रहे हैं और जनता की राय को प्रभावित करने और अपने पृथकवादी लक्ष्य को पूरा करने के प्रयोजन से शस्त्र तथा प्रशिक्षण के रूप में सहायता लेने के लिए विदेशों में स्थित स्रोतों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं और दिनांक 13 नवम्बर, 1997 की अधिसूचना के बावजूद जिसकी पुष्टि अधिनियम के तहत गठित तत्कालीन प्राधिकरण ने दिनांक 6 मई, 1998 के आदेश द्वारा की थी, मैतई आतंकवादी संगठनों के सशस्त्र दलों तथा सदस्यों द्वारा सुरक्षा बलों पर लगातार और बार-बार हिंसा और आक्रमण किया गया है । मैतई आतंकवादी संगठनों के बल में बढ़ोतरी हुई है । निधियां इकट्ठी करना और लूट-खसोट करना जारी रहा है, आधुनिक शस्त्र और हथियारों का अधिग्रहण जारी रहा है तथा कुछ पड़ोसी देशों में उनके शिविर हैं जो शरण स्थल बने हुए हैं और जहां प्रशिक्षण दिया जाता है तथा गुप्त रूप से शस्त्र एवं गोला बारूद प्राप्त किया जाता है । अतः केन्द्र सरकार के लिए पर्याप्त कारण था और केन्द्र सरकार ने दिनांक 13 नवम्बर, 1999 की अधिसूचना द्वारा मैतई आतंकवादी संगठन को सही तौर पर विधि विरुद्ध संगम घोषित किया है ।

अतः दिनांक 13 नवम्बर, 1999 की अधिसूचना सं0 एस0ओ0 1089(ई) की एतद्द्वारा पुष्टि की जाती है ।

ह०/-
(आर० एच० जैदी)
विधि विरुद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिकरण
[सं० 8/16/99-एन. ई. I]
जी० के० पिल्ले, संयुक्त सचिव

11 मई, 2000
वी0के0पी0

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(N.E. Division)

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th May, 2000

S.O. 522(E).—The following is published for general information :—

The Unlawful Activities (Prevention) Tribunal

Headed by the Hon'ble Mr. Justice R.H. Zaidi,

A sitting Judge of the Allahabad High Court

In the matter of

Declaration of the Meitei extremist organisations of Manipur, namely,

(1) Peoples Liberation Army (PLA) and its political wing, the Revolutionary Peoples Front (RPF);

(2) United National Liberation Front of Manipur (UNLF);

(3) Peoples Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK) and its armed wing, the 'Red Army';

(4) Kangleipak Communist Party (KCP) and its armed wing, also called the 'Red Army';

(5) Kanglei Yaol Kanba Lup (KYKL); and

(6) Manipur People's Liberation Front (MPLF);

and all their functional wings and front organisations as "unlawful associations" under Section 3(1) of The Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

ORDER

By a notification of the Government of India, Ministry of Home Affairs, New Delhi, published on 13 November, 1999, in the Gazette of India (Extraordinary), the Central Government, in exercise of its power under sub-section (1) of section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (Act No. 37/67) (for short, hereinafter referred to as "the Act") and the rules, known as The Unlawful Activities (Prevention) Rules, 1968 framed under the Act, (for short, hereinafter referred to a :—"the Rules") declared abovenamed extremist organisations of Manipur as unlawful associations. The said notification is quoted below :—

"MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th November, 1999

S.O. 1089 (E).—Whereas the People's Liberation Army, generally known as the PLA, and its political wing the Revolutionary People's Front (RPF), the United National Liberation Front (UNLF), the People's Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK) and its amred wing the "Red Army", the Kangleipak Communist Party (KCP) and its armed wing also called the "Red Army", Kanglei Yaol Kanba Lup (KYKL) and the Manipur People's Liberation Front (MPLF) (hereinafter collectively referred to as the Meitei Extremist Organisations) have :

(i) openly declared as their objective the formation of an independent Manipur by secession of Manipur State from India;

(ii) been employing and engaging in armed means to achieve their aforesaid objective;

(iii) been attacking the Security Forces, the Police, Government employees and lawabiding citizens in Manipur;

